स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

बेटी बचाओ
save the girl child

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, बलिया।

पत्रांकःएस0एस0ए0/बालिकाशिक्षा/ 905-12 /2021–22 दिनांक 04 जून 2021

## विज्ञप्ति

अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–1553/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 के अनुक्रम में महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के पत्रांकःके0जी0बी0वी0/शिक्षक/8362/2020–21 दिनांक 04–01–2021 में दिये गये निर्देशानुसार जिलाधिकारी महोदया के अनुमोदन दिनांक–02.06.2021 के अनुपालन में जनपद–बलिया में संचालित 16 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर चयन हेतु निम्नवत् विवरणानुसार आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं–

| क0 सं0 | पद | विषय | शैक्षिक योग्यता | निर्धारित मानदेय प्रतिमाह | न्यूनतम अधिकतम आयु | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु0 जाति | अनु0 जन जाति | कुल रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका | गणित | पी0सी0एम0 वर्ग से स्नातक, एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 22000.00 | 25–45 वर्ष | 6 | 0 | 3 | 0 | 9 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका | विज्ञान | जेड0बी0सी0 वर्ग से स्नातक, एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 22000.00 | 25–45 वर्ष | 3 | 1 | 2 | 0 | 6 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका | अंग्रेजी | अंग्रेजी से स्नातक, एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 22000.00 | 25–45 वर्ष | 3 | 1 | 0 | 0 | 4 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका | भाषा /हिन्दी | हिन्दी एवं संस्कृत से स्नातक, एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 22000.00 | 25–45 वर्ष | 2 | 3 | 0 | 0 | 5 |
| 5 | अंशकालिक शिक्षक/ शिक्षिका | कम्प्यूटर | प्रशिक्षित स्नातक, एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0, पी0जी0डी0सी0ए0/बी0ए0/बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ लेवल/ए लेवल डिप्लोमा | 9800.00 | 25–45 वर्ष | 3 | 1 | 0 | 1 | 5 |
| 6 | अंशकालिक शिक्षक/ शिक्षिका | कला, काफ्ट एवं संगीत/ गृहशिल्प | कला /क्राफ्ट /संगीत /गृह शिल्प विषय से स्नातक, एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 9800.00 | 25–45 वर्ष | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 7 | अंशकालिक शिक्षक/ शिक्षिका | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि) | 9800.00 | 25–45 वर्ष | 4 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 8 | लेखाकार ( महिला) | – | स्नातक वाणिज्य तथा एम0एस0 आफिस पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य तथा डी0ओ0ई0ए0सी0सी0या समकक्ष संस्था से ओ लेबल को वरीयता | 11000.00 | 25–45 वर्ष | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 9 | सहायक रसोइयां (महिला) | – | कक्षा–8 उत्तीर्ण | 5175.00 | 25–45 वर्ष | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | योग | | | | | 30 | 06 | 05 | 01 | 42 |

**आवश्यक निर्देश/अर्हताः**

1. समस्त कर्मचारियों हेतु 01 अप्रैल 2021 को न्यूनतम आयु 25 वर्ष तथा अधिकतम आयु 45 से अधिक नहीं होनी चाहिये। किन्तु कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पूर्व में कार्यरत ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो निर्धारित अर्हता रखते हो किन्तु शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित रहे हैं। उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर चयन हेतु आयु सीमा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि, सम्बन्धित शिक्षक/शिक्षिका की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।
2. पूर्णकालिक शिक्षिका/लेखाकार/सहायक रसोईया के पद पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा। पूर्णकालिक शिक्षिका/सहायक रसोईया को चयन के उपरान्त विद्यालय परिसर में बालिकाओं के साथ स्वयं की व्यवस्था पर निवास करना अनिवार्य होगा।
3. पूर्णकालिक शिक्षिका एवं अंशकालिक शिक्षिका तथा लेखाकार के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा रसोइंया के पदपर चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा।
4. प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त बी0एड0 तथा उसके समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा इस हेतु आवेदक/आवेदिका को वेबसाइट **www.ncte-india.org** से अपने प्रशिक्षण योग्यता के प्रमाणपत्र के मान्य होने सम्बन्धी प्रिन्ट आउट की स्वप्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें। उपरोक्त प्रमाणपत्र संलग्न न रहने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित अभ्यर्थी की होगी।
5. किसी सेवा से बर्खास्त नैतिक अक्षमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह/पात्र नहीं होगें।
6. उपरोक्त समस्त पद 11 माह-29 दिन/शैक्षिक सत्र के लिए संविदा पर आधारित होगें तथा कार्य संतोषजनक होने की दशा में जनपद स्तरीय समिति के अनुमोदन के उपरान्त कार्यकाल में वृद्धि की जा सकती है।
7. राज्य सरकार के नवीनतम प्रावधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा। उपरोक्तानुसार चयन हेतु अर्ह उम्र का निर्धारण 01 अप्रैल 2021 से माना जायेगा।
8. चयन के सम्बन्ध में जिला स्तरीय चयन समिति का निर्णय अन्तिम रूप से माना जायेगा।
9. अभ्यर्थी के आवेदन पत्र के साथ नवीनतम पासपोर्ट साइज की प्रमाणित दो फोटो ग्राफ्स के साथ स्वप्रमाणित किये गये समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण पत्रों, उच्च प्राथमिक स्तर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी0ई0टी0) का प्रमाण पत्र एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अद्यतन जाति प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाणपत्र, सामान्य निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित प्रमाणपत्र की छाया प्रति व 02 अपना पता लिखा हुआ लिफाफा जिसमें प्रत्येक पर रू0-39/- का डाक टिकट लगा हो संलग्न करें।
10. **आवेदनकर्ता द्वारा आवेदन पत्र के साथ राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा, जिसमें स्पष्ट उल्लेख होगा कि " मैं श्री/श्रीमती/कु0..........पुत्र/पुत्री श्री ............निवासी...............को ..............वर्षो से भली भांति जानता एवं पहचानता हूं।**
11. एक लिफाफे में केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र भेजने पर सभी आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगें। **लिफाफा के ऊपर आवेदित पद का नाम, विषय एवं आरक्षण वर्ग/कोटि स्पष्ट रूप से अंकित किया जायेगा।**
12. गणित विषय हेतु स्नातक स्तर पर भौतिक, रसायन एवं गणित विषय एवं विज्ञान विषय हेतु स्नातक स्तर पर जीवविज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान होना अनिवार्य है।
13. समस्त प्रशिक्षित एवं टी0ई0टी0(उ0प्रा0स्तर) परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही शिक्षक पद हेतु अर्ह होगें। शारीरिक शिक्षिका हेतु बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 तथा डी0पी0एड0 आदि उपाधि केवल शारीरिक शिक्षा के अध्यापन हेतु मान्य होगी, किन्तु शारीरिक शिक्षा के पद पर चयन हेतु टी0ई0टी0 अनिवार्य नहीं होगी।
14. **आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलिया के पते पर विलम्बतम् दिनांक 25 जून, 2021 को सायं 05:00 बजे तक आवश्य प्राप्त हो जाना चाहिये। अन्तिम तिथि के पश्चात् अथवा साधारण डाक से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।**

15. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में फुलस्केप कागज पर एक ही पृष्ठ पर होना अनिवार्य है। अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित/साधारण डाक से प्राप्त/स्वप्रमाणित फोटो रहित/निर्धारित प्रारूप से इतर आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।

16. चयनित अभ्यर्थी की समस्त मूल प्रमाण पत्र काउन्सिलिंग के समय जमा किया जाना अनिवार्य है सत्यापनोपरान्त समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र वापस किया जायेगा। फर्जी पाये जाने की स्थिति में अभ्यर्थन के समस्त मूल प्रमाण पत्र भी जब्त कर लिया जायेगा।

17. गुणांकों के आगणन हेतु अंकपत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। अंकपत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न न होने की दशा में गुणांक/लब्धांक का निर्धारण सम्भव नहीं होगा। अतः आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अभ्यर्थी का होगा।

18. माननीय न्यायालय एवं राज्य परियोजना निदेशक लखनऊ के निर्देशानुसार समय–समय पर मानदेय परिवर्तित हो सकता है।

19. कलाक्राफ्ट एवं संगीत आदि विषयों के लिए शैक्षिक योग्यता स्नातक उपाधि सहित प्रशिक्षण उपाधि होगी तथा गृह विज्ञान के शिक्षक का पद कला क्राफ्ट एवं संगीत के पद के अन्तर्गत ही माना जायेगा।

20. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पूर्व में कार्यरत ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित रहे हैं। उन शिक्षकों के चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश संख्याःके0जी0बी0वी0/3–2/1916/2013–14 दिनांक 29–07–2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षकों के लिए टी0ई0टी0 की अर्हता अनिवार्य नहीं होगी। आवेदक को तत्सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। तथा उन्हें कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक पूर्ण अध्यापन वर्ष के लिए 2 अंक, अधिकतम 30 अंक तक दिया जायेगा, किन्तु अधिकतम भारांक 30 अंक से अधिक नहीं दिया जायेगा। उन्हे तत्सम्बन्धी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

21. उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद की वेबसाइट **ballia.nic.in** पर तथा कार्यालय जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पकवाइनार बलिया, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलिया, के सूचना पट्ट पर भी चस्पा रहेगा।

22. रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है तथा किसी भी पद के लिए विज्ञापन में बदलाव व निरस्त करने का सर्वाधिकार सचिव/अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

23. यदि अभ्यर्थी द्वारा अपने चयन हेतु किसी भी राजनैतिक व्यक्ति या प्रशासनिक अधिकारी से अपनी सिफारिश कराता है तो उसकी उम्मीदवारी (Condidation) समाप्त कर दी जायेगी।

**(आनन्द प्रकाश मिश्र)**
**जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)**
**सर्वशिक्षा अभियान, बलिया।**

**(शिव नारायण सिंह)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**बलिया।**

**पृ0सं0/एस.एस.ए./बालिका शिक्षा/** 905–12 **/2021–22/तद्दिनांक**
**प्रतिलिपिः –निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ उ0प्र0।
2. जिलाधिकारी महोदय, बलिया।
3. मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।
4. सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक) मण्डल– बलिया।
5. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पकवाइनार, बलिया।
6. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बलिया को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को जनपद की वेबसाइट **ballia.nic.in** पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. प्रधान सम्पादक, अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति को न्यूनतम स्थान में प्रकाशित करते हुये बिल दो प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)**
**सर्वशिक्षा अभियान, बलिया।**

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**बलिया।**

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बलिया में चयन हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

(आवेदन पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वयं साफ–साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल/आठवीं के प्रमाण पत्र के अनुसार लिखी जाये। अपूर्ण त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।)

आवेदित पद का नामः..........................................................

आवेदित विषय का नाम..........................................................

**स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें**

1. अभ्यर्थी का नामः..........................................................
2. पिता का नामः..........................................................
3. पति का नामः..........................................................
4. जन्मतिथि अंकों में | | | | | | | | |

   शब्दों में..........................................................
5. 01 अप्रैल 2021 को आयु.......................... वर्ष...................... माह......................... दिन
6. मोबाइल नं0:..........................................................
7. आधार नं0 ..........................................................
8. स्थायी पता (थाना पिनकोड सहित) ..........................................................

   ..........................................................पिनकोडः..........................................
9. पत्र व्यवहार का पता (थाना पिनकोड सहित) ..........................................................

   .......................................................... पिन कोडः..........................................
10. जाति/वर्ग(अनारक्षित/अनु0जाति/अनु0जनजाति/अ0पि0व0) :..........................................जाति..........................................

   (आरक्षण श्रेणी/कोटि होने के अन्तर्गत अद्यतन जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
11. शैक्षिक योग्यताः– (समस्त अंकपत्र/प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

| क्र0 सं0 | शैक्षिक योग्यता | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | विद्यालय/ महाविद्यालय का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | | | |
| 3 | स्नातक ........................ | | | | | | | | |
| 4 | प्रशिक्षित स्नातक ........................ | | | | | | | | |
| 5 | उ0प्रा0स्तर की टी0ई0टी0 | | | | | | | | |
| 6 | अन्य | | | | | | | | |

12. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षण का अनुभव– (प्रमाणित प्रमाणपत्र संलग्न करें)

| क्र0सं0 | के0जी0बी0वी0 का नाम | प्रथम संविदा तिथि | अन्तिम संविदा तिथि | शिक्षण कार्य का अनुभव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिन | माह | वर्ष |
| | | | | | | |

## घोषणा

मै................................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी.......................................................... शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत् दिये गये विवरण मेरी अधिकतम जानकारी में पूर्णतया सत्य तथा सही है एवं किसी तरह का तथ्य गोपन नहीं किया गया है। जांच में कोई भी तथ्य/संलग्न प्रमाण पत्र फर्जी अथवा कूटरचित पाये जाने पर जिला स्तरीय समिति द्वारा लिया गया अन्तिम निर्णय मुझे मान्य होगा।

मेरा कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर मेरे संविदा चयन को यदि निरस्त कर दिया जाता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी और इस सम्बन्ध में किसी भी मा0 न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगा/करूंगी।

दिनांक..........................................

स्थान ..........................................

हस्ताक्षर

(अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का पूरा नाम पता सहित)

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बलिया में चयन हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

(आवेदन पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वयं साफ–साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल/आठवीं के प्रमाण पत्र के अनुसार लिखी जाये। अपूर्ण त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।)

आवेदित पद का नामः........................................................

आवेदित विषय का नाम.....................................................

स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें

1. अभ्यर्थी का नामः..........................................................................................
2. पिता का नामः...............................................................................................
3. पति का नामः.................................................................................................
4. जन्मतिथि अंकों में | | | | | | | | |
   शब्दों में.......................................................................................................
5. 01 अप्रैल 2021 को आयु........................ वर्ष..................... माह.................... दिन
6. मोबाइल नं0:.....................................................................................
7. आधार नं0 .......................................................................................
8. स्थायी पता (थाना पिनकोड सहित) ............................................................................................
   ..........................................................................................................पिनकोडः.......................................
9. पत्र व्यवहार का पता (थाना पिनकोड सहित) ...........................................................................................
   .......................................................................................................... पिन कोडः.......................................
10. जाति/वर्ग(अनारक्षित/अनु0जाति/अनु0जनजाति/अ0पि0व0) :...............................................जाति.....................................
    (आरक्षण श्रेणी/कोटि होने के अन्तर्गत अद्यतन जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
11. शैक्षिक योग्यताः– (समस्त अंकपत्र/प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

| क्र0 सं0 | शैक्षिक योग्यता | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | विद्यालय/ महाविद्यालय का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | | | |
| 3 | स्नातक .............................. | | | | | | | | |
| 4 | प्रशिक्षित स्नातक .............................. | | | | | | | | |
| 5 | उ0प्रा0स्तर की टी0ई0टी0 | | | | | | | | |
| 6 | अन्य | | | | | | | | |

12. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षण का अनुभव– (प्रमाणित प्रमाणपत्र संलग्न करें)

| क्र0सं0 | के0जी0बी0वी0 का नाम | प्रथम संविदा तिथि | अन्तिम संविदा तिथि | शिक्षण कार्य का अनुभव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिन | माह | वर्ष |
| | | | | | | |

## घोषणा

मै.........................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी........................................................ शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत् दिये गये विवरण मेरी अधिकतम जानकारी में पूर्णतया सत्य तथा सही है एवं किसी तरह का तथ्य गोपन नहीं किया गया है। जांच में कोई भी तथ्य/संलग्न प्रमाण पत्र फर्जी अथवा कूटरचित पाये जाने पर जिला स्तरीय समिति द्वारा लिया गया अन्तिम निर्णय मुझे मान्य होगा।

मेरा कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर मेरे संविदा चयन को यदि निरस्त कर दिया जाता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी और इस सम्बन्ध में किसी भी मा0 न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगा/करूंगी।

दिनांक.........................................

स्थान .........................................

हस्ताक्षर

(अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का पूरा नाम पता सहित)